# पुदुचेरी का स्थापना दविस

## प्रलिम्सि के लयि:

[पुदुचेरी](), [मंत्रपिरिषद](), [चोलों](), [वजियनगर साम्राज्य](), [तीसरा कर्नाटक युद्ध](), [केंद्रशासति प्रदेश](), [राज्य का ]()दर्जा

## मेन्स के लयि:

आधुनकि भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता के बाद भारत का एकीकरण और केंद्रशासति प्रदेशों द्वारा राज्य का दर्जा की मांग।

## चर्चा में क्यों?

हर साल **1 जुलाई** को [पुदुचेरी ]()के स्थापना दविस के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इसी दनि **संघ राज्य क्षेत्र शासन अधनियिम 1963** लागू हुआ था, जसिके तहत **पुदुचेरी** को **वधानसभा और मंत्रपिरिषद** प्रदान की गई थी।

## पुदुचेरी के बारे में मुख्य तथ्य:

- **परचिय:**
  - **पुदुचेरी** शहर दक्षणि-पूर्वी भारत में स्थति पुदुचेरी केंद्रशासति प्रदेश की राजधानी है। इस UT का गठन वर्ष **1962** में फ्राँस के भारत में चार पूर्व उपनविशों में से एक के रूप में कयिा गया था।
  - पुदुचेरी (अब पुदुचेरी) और **कराईकल** भारत के **दक्षणिपूर्वी कोरोमंडल तट** के साथ यनम, पूर्वी तट के साथ उत्तर में और **माहे**, केरल राज्य से घरि **पश्चमिी मालाबार** तट पर स्थति है।
  - वविधि संस्कृत िको समायोजति करने के लयि, इसके **बहु-राज्यीय स्थान के कारण**, पुदुचेरी को **केंद्रशासति प्रदेश** के रूप में मान्यता दी गई है।

//



- **पुदुचेरी का इतिहास:**
    - **प्राचीन इतिहास:**
        - **अरिकमेडु में हुए उत्खनन** से पता चलता है कि रोमन लोग **पहली शताब्दी ई.** में पुदुचेरी पहुँचे थे और साथ ही इस क्षेत्र का **समुद्री इतिहास भी अधिक समृद्ध** है।
        - चौथी शताब्दी ई. के आसपास पुदुचेरी क्षेत्र काँचीपुरम के **पल्लव साम्राज्य** का हिस्सा था, जिसके बाद **चोलों** ने इस पर अधिकार कर लिया।
        - उत्तर भारत के मुस्लिम शासकों के संक्षिप्त शासन के बाद **विजयनगर साम्राज्य** ने लगभग 1638 ई. तक संपूर्ण दक्षिण भारत पर नियंत्रण कर लिया, जिसके बाद **बीजापुर के सुल्तान ने नियंत्रण स्थापित** किया।
    - **औपनिवेशिक इतिहास:**
        - आधुनिक पुदुचेरी की नींव **1673 ई.** में तब रखी गई जब **फ्राँसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी** ने बीजापुर के सुल्तान के अधीन वलीकोंडापुरम के किलेदार से सफलतापूर्वक **फरमान (एक परमिट)** प्राप्त किया।
        - **1693 ई.** में **डचों ने पुदुचेरी पर अधिकार** कर लिया था लेकिन **1699 ई.** में **रिज़्विक की संधि** द्वारा इसे **फ्राँसीसी कंपनी को वापस** कर दिया गया था।
        - **1674 ई.** में, **फ्रेंकोइस मार्टिन** को **फ्राँसीसी ईस्ट इंडिया कंपनी** द्वारा पुदुचेरी का प्रथम गवर्नर नियुक्त किया गया, जिसने पुदुचेरी को एक छोटे से मछली पकड़ने वाले गाँव से एक समृद्ध बंदरगाह शहर में बदलने की महत्त्वाकांक्षी परियोजना शुरू की।
            - वर्ष 1720 में **जोसेफ फ्राँसिस डुप्लेक्स** को पुदुचेरी में एक उच्च पद नियुक्त किया गया।
        - **वर्ष 1674 में गवर्नर बनने के बाद,** फ्रेंकोइस मार्टिन (Francois Martin) ने इसे एक महत्त्वपूर्ण स्थान और भारत में फ्राँसीसियों के गढ़ के रूप में विकसित किया।
        - **वांडीवाश की लड़ाई (1960)** जो **तीसरे करनाटक युद्ध** की निर्णायक लड़ाई थी, अंग्रेज़ों द्वारा जीत ली गई और युद्ध के बाद हुई **पेरिस शांति संधि (1763)** के तहत फ्राँसीसियों को भारत में उनकी फैक्ट्रियाँ (पुदुचेरी सहित) वापस लौटा दी गईं।
        - **पेरिस शांति संधि (1763) के तहत पुदुचेरी और चंदननगर फ्राँस को वापस कर दिये गए,** लेकिन वे वहाँ केवल व्यापारिक गतिविधियाँ ही कर सकते थे।
    - **स्वतंत्रता के बाद:**
        - **1 नवंबर, 1954** को पुदुचेरी एक केंद्रशासित प्रदेश बन गया, जब भारत में फ्राँसीसी कब्ज़े वाले क्षेत्र भारतीय संघ में स्थानांतरित हो गए और 280 वर्षों का फ्राँसीसी शासन समाप्त हो गया।
        - हालाँकि वर्ष **1963** में पेरिस में फ्राँसीसी संसद द्वारा भारत के साथ संधि की पुष्टि के बाद **पुदुचेरी** आधिकारिक तौर पर भारत का अभिन्न अंग बन गया।
- **पुदुचेरी की राजनीतिक स्थिति:**
    - भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 239 और संघ राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम 1963 के अनुसार,** भारत के राष्ट्रपति ने **पुदुचेरी सरकार का कार्य (आवंटन) नियम 1963** तैयार किया है।
    - पुदुचेरी में **निर्वाचित विधानमंडल** हैं तथा पुदुचेरी **के उपराज्यपाल संघ राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम 1963** द्वारा निर्देशित होते हैं।
    - **पुदुचेरी विधानसभा समवर्ती और राज्य सूची** के तहत किसी भी मुद्दे पर कानून बना सकती है।
    - **पुदुचेरी (नाम-परिवर्तन) अधिनियम, 2006** के तहत **पुदुचेरी** का नाम परिवर्तित कर **पुदुचेरी** कर दिया गया।
    - उद्योग आकर्षित करने, रोज़गार अवसर सृजित करने और पर्यटन के लिये बुनियादी ढाँचे को संवर्द्धित करने हेतु **अधिक अधिकार प्राप्त करने के लिये** लंबे समय से **पुदुचेरी को राज्य का दर्जा प्रदान करने की मांग की गई है**।
- **संस्कृति:**
    - **श्री अरबिंदो आश्रम** (**फ्राँसीसी-तमिल वास्तुकला** वाला एक सुनियोजित शहर) और **ऑरोविले** (एक प्रयोगात्मक टाउनशिप) वैयक्तिक तथा सामूहिक वास के नए रूपों के संबंध में **श्री अरबिंदो के दृष्टिकोण** को वास्तविक रूप देने का एक प्रयास था जो संपूर्ण विश्व के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करता है।
    - पुदुचेरी भारत का एक केंद्रशासित प्रदेश है जिसमें फ्राँसीसी परंपरा की छटा है (औपनिवेशिक शासन के परिणामस्वरूप)।

**और पढ़ें:** **पुदुचेरी द्वारा राज्य के दर्जे की मांग**, **जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में महिला कोटा के लिये विधेयक**

**दृष्टि मेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** राज्यों और क्षेत्रों का राजनीतिक तथा प्रशासनिक पुनर्गठन एक नित्य जारी प्रक्रिया रही है। पुदुचेरी द्वारा राज्य के दर्जे की मांग के संदर्भ में विवेचना कीजिये।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. पुदुचेरी (अब पुदुचेरी) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2010)**

1. पुदुचेरी पर कब्ज़ा करने वाली पहली यूरोपीय शक्ति पुर्तगाली थे।
2. पुदुचेरी पर कब्ज़ा करने वाली दूसरी यूरोपीय शक्ति फ्राँसीसी थे।

3. अंग्रेज़ों ने पुदुचेरी पर कभी कब्ज़ा नहीं किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/foundation-day-of-puducherry